दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 8 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-71

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पाकिस्तान में फर्जी भारतीय, अफगान स्टांप, दस्तावेज जब्त

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर क्षेत्र की एक प्रिंटिंग प्रेस में छापे के दौरान भारत और अफगानिस्तान सरकार के फर्जी स्टांप तथा दस्तावेज और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का साहित्य जब्त किया गया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार पुलिस ने यूसफजाई प्रिंटिंग प्रेस में गैरकानूनी गतिविधियां चलने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए खैबर-पख्तूनख्वा में प्रिंटिंग प्रेस पर छापे मारे।

### काउंसलर ने महिलाओं के समूह को भेजी अश्लील फोटो, निलंबित

ब्रिटेन (आरएनएस)। पाकिस्तानी मूल के काउंसलर मोहम्मद मारूफ ने एक मीटिंग के दौरान महिलाओं के समूह को व्हाट्सएप्प रुप 'मम्स यूनाईटेड' में महिला की टॉपलेस फोटो डाल दी। इस घटना को काउंसलर ने ''ईमानदार गलती'' करार देते हुए मारूफ को निलंबित कर दिया है। इस दौरान समूह की संस्थापक साहिरा इरशाद चाकू से होने वाले अपराध पर याचिका प्रस्तुत कर रही थी। उनकी प्रस्तुति खत्म होते ही मारूफ ने समूह में महिला की बिना कपड़ों वाली फोटो डाल दी। हालांकि मारुफ ने माफी भी मांगी है।

### ईरानी तेल का अब रुपये में भुगतान करेगा भारत

नई दिल्ली (आरएनएस)। तेल आयात को लेकर भारत ने ईरान के साथ एक अहम डील की है। भारत ने ईरान से आयात किए जाने वाले क्रूड ऑइल का भुगतान अब रुपये में करने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया है कि ईरान पर अमेरिका के नए प्रतिबंधों के 5 नवंबर से लागू होने के बावजूद भारत ने इस्लामिक राष्ट्र के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। आपको बता दें कि अमेरिका ने भारत और 7 अन्य देशों को ईरान से तेल आयात पर प्रतिबंधों को लेकर कुछ समय की मोहलत दे रखी है।

### घूस को मिशेल ने बताया कंसल्टेंट फीस

**अगुस्टा वेस्टलैंड डील**

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगुस्टा वेस्टलैंड डिफेंस डील में दलाली लेने के आरोप में अरेस्ट किए गए ब्रिटिश नागरिक क्रिस्चन मिशेल ने पैसे लेने की बात स्वीकार की है। हालांकि मिशेल ने इसे घूसखोरी न बताते हुए कंसल्टेंसी फीस करार दिया है। मिशेल ने पूछताछ में यूपीए नेताओं या फिर रक्षा मंत्रालय से पैसे लेने की बात को पूरी तरह खारिज कर दिया। मिशेल ने कहा कि उसने यूपीए सरकार से कोई घूस नहीं ली, लेकिन अगुस्टा वेस्टलैंड से कंसल्टेंसी फीस ली थी।

### माधुरी को पुणे सीट से उतार सकती है भाजपा

**लोकसभा चुनाव**

मुंबई (आरएनएस)। बीजेपी अपने जमाने की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने को 2019 के लोकसभा चुनाव में पुणे सीट से मैदान में उतारने पर विचार कर रही है। यह जानकारी पार्टी सूत्रों ने दी। बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने इस साल जून में अदाकारा से मुंबई स्थित उनके आवास पर मुलाकात की थी। शाह उस समय पार्टी के 'संपर्क फॉर समर्थन' अभियान के तहत मुंबई पहुंचे थे। शाह ने इस दौरान अभिनेत्री को नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया था।

### हाई कोर्ट का 'केदारनाथ' की रिलीज पर रोक से इनकार

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'केदारनाथ' की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत और अपना फिल्मी सफर शुरू कर रहीं सारा अली खान मुख्य भूमिका में हैं। गढ़वाल के स्वामी दर्शन भारती ने मांग की थी कि फिल्म पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

# देश में हर 8वीं मौत जहरीली हवा से!

## तंबाकू से भी ज्यादा खतरनाक है प्रदूषण

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में हर 8 में से 1 व्यक्ति की मौत जहरीली हवा के कारण हो रही है। बाहर ही नहीं, घर के अंदर का प्रदूषण भी जानलेवा हो रहा है। मेडिकल रिसर्च करने वाली सरकारी संस्था आईसीएमआर की नई स्टडी में यह दावा किया गया है।



यह भारत में हुई पहली स्टडी है, जिसमें हवा में प्रदूषण की वजह से मौत, बीमारियों और उम्र पर पड़ने वाले असर को आंका गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदूषण लोगों की औसत उम्र भी घटा रहा है। अगर हवा शुद्ध मिलती तो लोग औसतन एक साल 7 महीने ज्यादा जीते। देश की 77 फीसदी आबादी एयर पलूशन की जद में है। प्रदूषण तंबाकू जितना खतरनाक साबित हो रहा है।

तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक है। इससे कैंसर समेत कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, एक ताजा अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि बीमारियों के खतरे के लिहाज से तंबाकू से भी ज्यादा खतरनाक प्रदूषण है।

इंडियन काउंसिल ऑफ आईसीएमआर की स्टडी में खुलासा हुआ है कि तंबाकू की तुलना में प्रदूषण से कहीं ज्यादा लोग बीमार पड़ रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले साल यानी 2017 में देश में 12.4 लाख लोगों की मौत के लिए कहीं न कहीं वायु प्रदूषण जिम्मेदार रहा।

एक अध्ययन के अनुसार, लोअर रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन की तुलना करें तो ये तंबाकू से ज्यादा एयर पलूशन से हो रहा है। केवल लंग्स कैंसर तंबाकू से ज्यादा हो रहा है। प्रति एक लाख लोगों में 49 लोगों को लंग्स कैंसर की वजह एयर पलूशन है, तो 62 लोगों में इसकी वजह तंबाकू है।

इस बारे में पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन के प्रोफेसर ललित डंडोना ने कहा कि अभी भी स्मोकिंग और तंबाकू का असर उतना ही है, लेकिन पहले की तुलना में इसके प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ी है। हमारी स्टडी में दोनों के बीच तुलना करने की वजह भी यही है कि एयर पलूशन का असर भी तंबाकू जितना होने लगा है।

जब कोई तंबाकू का सेवन करता है तो ठीक उसी समय वह ज्यादा प्रभावित होता है, लेकिन प्रदूषण का असर तो इंसान जितनी बार सांस लेगा उतनी बार होगा। प्रोफेसर ललित ने कहा कि जब हवा में पीएम 2.5 का स्तर बढ़ता है तो लोग प्रदूषण के ज्यादा शिकार हो जाते हैं।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मंच पर हुए बेहोश

अहमदनगर (आरएनएस)। शहर के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मंच पर ही बेहोश हो गए। जानकारी के अनुसार गडकरी गिरने ही वाले थे कि मंच पर मौजूद राज्यपाल सी विद्यासागर राव ने उन्हें पकड़ लिया। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर उनके स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं।




यह घटना उस समय हुई जब वह महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ में अन्य अतिथियों के साथ राष्ट्रगान के लिए खड़े थे। इस दौरान गडकरी ने बेचैनी महसूस की। इसके बाद उनका संतुलन बिगड़ गया और मंच पर ही लड़खड़ाकर गिरने लगे। इसी दौरान राज्यपाल विद्यासागर राव ने उनको पकड़ लिया।

उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। नितिन गडकरी ने ट्वीट कर कहा कि लो शुगर की वजह से थोड़ी तबीयत खराब हुई थी। डॉक्टरों ने जांच की है और अब मेरी हालत ठीक है। सभी शुभचिंतकों को बहुत-बहुत धन्यवाद। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने बताया कि डॉक्टरों ने गडकरी के स्वास्थ्य की जांच की है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## तालिबान के हमले में 14 सैनिक मरे

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में तालिबान के एक हमले में 14 अफगान सैनिक मारे गए और उसने 21 सैनिकों को बंधक बना लिया। हेरात प्रांतीय परिषद के सदस्य नजीबुल्ला मोहेबी ने कहा कि हमलावरों ने गुरुवार की देर रात निनदांद में सेना की दो बाहरी चौकियों को घेर लिया। उन्होंने कहा कि छह घंटे तक चली लड़ाई शुक्रवार सुबह खत्म हुई। वहां पहुंची सेना की कुमक ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया।

## जेटली के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज




नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल करने वाले वकील पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान वकील को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी इसी प्रकार की हरकत रही तो उनके वकालत पर प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। ज्ञात हो कि वकील एमएल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में बैंकों के एनपीए पर जनहित याचिका दायर की थी और अरुण जेटली पर आरोप लगाए थे।

कोर्ट ने वकील पर 50 हजार रूपए का जुर्माना लगाया और जमानत भरने तक याचिका दायर करने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने वकील एम एल शर्मा पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया जिन्होंने जनहित याचिका (पी आई एल) दायर की थी।

# इलाहाबाद से प्रयागराज, हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इलाहाबाद जिले और मंडल का नाम बदलकर प्रयागराज करने की राज्य सरकार की अधिसूचना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया है। इस याचिका पर सुनवाई चीफ जस्टिस गोविंद माथुर और जस्टिस वाईके श्रीवास्तव की खण्डपीठ ने की। याचिका इलाहाबाद हेरिटेज सोसायटी और कई अन्य ने दाखिल की थी। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश नारायण शर्मा, एसएफए नकवी और वीसी श्रीवास्तव ने भी पक्ष रखा।



दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। याचिका में कहा गया है कि राजस्व संहिता की धारा 6 (2) के तहत नाम बदलने के पहले पब्लिक नोटिस जारी कर आपत्तियों के निस्तारण के लिए कमिटी गठित करने का नियम है।

# सरकारी सब्सिडी न लेने वाले हटवा सकेंगे आधार डाटा

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकारी छूट का फायदा नहीं लेने वाले देश के नागरिकों को जल्द ही आधार नंबर लौटाने यानी सरेंडर करने का अधिकार मिल सकता है।




भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार अधिनियम में संशोधन के लिए कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है। सर्वोच्च अदालत ने फैसले में 18 साल से कम उम्र के अवयस्कों और बच्चों को आधार प्रणाली से निकालने का अधिकार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में टेलीकॉम कंपनियों समेत निजी क्षेत्र द्वारा आधार के प्रयोग पर रोक लगा दी थी। दूरसंचार कंपनियां इसके लिए विकल्प तैयार कर चुकी हैं, जबकि अन्य द्वारा भी इसका प्रयोग अब नहीं किया जा रहा है। ऐसे में सरकारी छूट नहीं ले रहे नागरिकों के लिए आधार नंबर रखना अनिवार्य नहीं होगा। इसी के मद्देनजर कानून मंत्रालय ने प्राधिकरण को आधार लौटाने का अधिकार सिर्फ बच्चों को नहीं, बल्कि सभी को मुहैया कराने की राय दी।

प्राधिकरण ने मंत्रालय की राय पर कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है।

# जहरीले इंजेक्शन के बजाय अपराधी ने मांगी मौत की इलेक्ट्रिक चेयर

नई दिल्ली। दुनियाभर के तमाम देशों में अपराधियों को मृत्युदंड देने के अलग-अलग तरीके इस्तेमाल किए जाते हैं। जैसे भारत में फांसी दी जाती है, कहीं ज़हर का इंजेक्शन दिया जाता है, कहीं पत्थरों से मारा जाता है, कहीं बिजली के झटके देकर मारा जाता है। तमाम मानवाधिकार संगठन लंबे समय से इस पर बहस करते आ रहे हैं कि अपराधियों को कम से कम दर्द देने वाले तरीकों से मारा जाए।



इन्हीं बहसों के बीच अमेरिकी राज्य टेनेसी से खबर आई है कि मृत्युदंड की सज़ा पाए 61 साल के अपराधी डेविड अर्ल मिलर ने ज़हर के इंजेक्शन के बजाय बिजली का झटका देने वाली कुर्सी यानी इलेक्ट्रिक चेयर से मरने की मांग की है। टेनेसी में किसी अपराधी को मृत्युदंड देने के लिए मुख्य तौर पर जहर का इंजेक्शन ही इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, जिन अपराधियों ने 1999 से पहले अपराध किया है, उन्हें ज़हर के इंजेक्शन के बजाय इलेक्ट्रिक चेयर चुनने का अधिकार है।

मिलर को 1981 में 23 साल की मानसिक रूप से बीमार लड़की की हत्या करने का दोषी पाया गया था। दोषी करार दिए जाने के बाद मिलर पिछले 36 बरसों से मृत्युदंड दिए जाने का इंतज़ार कर रहा है। इलेक्ट्रिक चेयर से मरने की उसकी मांग मान ली गई है और उसे गुरुवार को मृत्युदंड दिया जाएगा।

टेनेसी में 1960 के बाद यह दूसरा मौका होगा, जब किसी अपराधी को मारने के लिए इलेक्ट्रिक चेयर का इस्तेमाल किया जाएगा। पिछले महीने ही टेनेसी में 63 साल के अपराधी एडमंड ज़ेगार्स्की को इलेक्ट्रिक चेयर से मृत्युदंड दिया गया। टेनेसी में पिछले कुछ वक्त से ज़हरीले इंजेक्शन के बजाय इलेक्ट्रिक चेयर चुनने वाले अपराधियों की संख्या बढ़ रही है। इन अपराधियों का तर्क है कि ज़हरीले इंजेक्शन से मौत ज़्यादा दर्दनाक होती है।

मिलर और ज़ेगार्स्की ने कोर्ट में बिली रे आइरिक नाम के अपराधी का हवाला दिया था कि ज़हरीला इंजेक्शन दिए जाने पर बिली 20 मिनट तक तड़पता रहा।

## सिंगर मीका सिंह को हिरासत में लिया गया

**मॉडल को आपत्तिजनक तस्वीर भेजने का आरोप**



नयी दिल्ली (आरएनएस)। बॉलीवुड सिंगर मीका सिंह को ब्राजील की एक किशोरी मॉडल को कथित रूप से दुबई में आपत्तिजनक तस्वीर' भेजने को लेकर गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी गुरुवार को विदेशी मीडिया की एक खबर में दी गई।

# चार साल बाद किसानों की इनकम होगी दोगुनी!

## मोदी सरकार का किसानों को बड़ा तोहफा

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने चाय, कॉफी, फलों और सब्जियों जैसे कृषि वस्तुओं का निर्यात बढ़ाने के लिए एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट पॉलिसी 2018 को मंजूरी देते हुए कृषि क्षेत्र का निर्यात 2022 तक दोगुना करने हेतु इस नीति को मंजूरी दी गई है. ऐसा करके निर्यात को 2022 तक दोगुना करके 60 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है. इससे ग्लोबल एग्रीकल्चर मार्केट में भारत की हिस्सेदारी बढ़ने की भी उम्मीद है.



प्रभु ने गुरुवार शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 2022 तक भारत के कृषि निर्यात को दोगुना करके 60 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाना है. नीति को मंजूरी देने के पीछे का उद्देश्य है कि किसान ज्यादा से ज्यादा फायदा कमा सकें.

हालांकि सरकार ने अभी तक पूरी नीति का विवरण घोषित नहीं किया है. इस पॉलिसी में कृषि निर्यात की आधारभूत संरचना में सुधार संबंधी बदलाव होगा. सरकार ने इस नीति में जैविक उत्पादों के निर्यात पर लगे सभी तरह के प्रतिबंधों को हटाने पर भी जोर दिया गया है.

बता दें कि भारत में किसान आंदोलन बड़ा मुद्दा है. अभी हाल ही में किसानों ने दिल्ली और मुंबई में फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी और अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था. आगामी आम चुनाव में भी बीजेपी को उनकी नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है. जबकि किसान आंदोलन और ग्रामिणों की नाराजगी के कारण वर्ष 2004 में बीजेपी को सत्ता तक गंवानी पड़ी थी.


कृषि व्यापार में सरकार की नीतियों ने भी वैश्विक बाजार में स्थिर खिलाड़ी के रूप में भारत की भूमिका को नुकसान पहुंचाया है.

# दस साल में 384 बाघों का शिकार, 961 गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आरएनएस)। देश में पिछले एक दशक में 384 बाघों का शिकार किया गया और इस अपराध में शामिल 961 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत यह जानकारी दी गयी है। आरटीआई कार्यकर्ता रंजन तोमर द्वारा मांगी गयी जानकारी के जवाब में ब्यूरो ने विभिन्न राज्यों के वन एवं पुलिस विभाग द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों के आधार पर बताया कि पिछले दस सालों में 384 बाघ शिकारियों के हाथों में मारे गये। शिकार में शामिल आरोपियों में से कितने दोषी ठहराये गये और कितने लोगों को सजा हुयी, ब्यूरो के पास इसकी जानकारी नहीं है। इसके लिये ब्यूरो ने बाघ के शिकार के अपराध में दोषी ठहराये गये लोगों का आंकड़ा राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध नहीं कराये जाने की दलील दी है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक 92 बाघों की मौत हुयी।

# राम जन्मभूमि की रिलीज़ पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

मुंबई (आरएनएस)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरवार को अपने एक आदेश में शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सैयद वसीम रिजवी की फिल्म राम जन्मभूमि की रिलीज़ को बड़ा झटका दिया है. बॉम्बे हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज़ पर फिलहाल रोक लगा दी है. कोर्ट ने आदेश दिया कि फिल्म को बिना सेंसर बोर्ड यानी सीबीएफसी की मंजूरी के रिलीज़ नहीं किया जा सकता.



साथ ही कोर्ट ने यू-ट्यूब को भी फिल्म के ट्रेलर से उन दृश्यों को हटाने के आदेश दिए हैं, जिन पर याचिका कर्ताओं ने आपत्ति जाहिर की थी. फिल्म राम जन्मभूमि अयोध्या के राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद को लेकर चल रहे विवाद पर आधारित है. इसका हाल ही में एक ट्रेलर भी लॉन्च किया गया था. जिसके बाद कई मुस्लिम संगठनों ने मुंबई में फिल्म के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी.